## संपादकीय

# जबरदस्ती का धर्म

यूं तो पाकिस्तान में कट्टरपंथ की आग में लगातार सिमटते अल्पसंख्यकों के दुखों का अंतहीन सिलसिला दशकों से जारी है मगर होली पर पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो नाबालिग हिंदू लड़कियों के अपहरण, धर्म परिवर्तन व निकाह के मामले ने खासा तूल पकड़ लिया है। विदेशमंत्री सुषमा स्वराज द्वारा पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायुक्त से मामले की रिपोर्ट मांगने और पाकिस्तान के सूचना मंत्री चौधरी फवाद हुसैन की जवाबी टिप्पणी के बाद मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। इसके बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब व सिंध सरकारों से मामले की जांच के आदेश दिये हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में खुद को थप्पड़ मारता एक पिता अपनी दो नाबालिग बेटियों को मुक्त कराने की गुहार लगा रहा था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पाकिस्तान में मानवाधिकार कार्यकर्ता सर्ि य हुए। जहां पाक के बड़े अंग्रेजी अखबारों ने इसे अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन करके निकाह करना बताया वहीं उर्दू मीडिया ने इसे किशोरियों द्वारा मर्जी से इस्लाम धर्म ग्रहण करना बताया। बाकायदा ट्विटर पर जबरन धर्म परिवर्तन के विरुद्ध मुहिम चलायी जा रही है। मीडिया का प्रगतिशील तबका इसके विरुद्ध आवाज उठा रहा है।

डान समाचारपत्र में छपे एक मानवाधिकार कार्यकर्ता के बयान के अनुसार सिंध प्रांत में हर माह 25 धर्म परिवर्तन के मामले प्रकाश में आते हैं। ये दलित हिंदू अपनी आवाज नहीं उठा पाते और पुलिस भी उनकी नहीं सुनती, अतः मामले प्रकाश में नहीं आ पाते। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू लंबे समय से जबरन धर्म परिवर्तन के विरुद्ध कानून बनाने की मांग करते रहे हैं। सिंध विधानसभा में इस आशय का विधेयक पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सरकार ने पारित किया था लेकिन बाद में कट्टरपंथियों के विरोध के चलते विधेयक कानून नहीं बन पाया। पाकिस्तान के सोशल मीडिया पर अल्पसंख्यक सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्यों नाबालिग हिंदू लड़कियां ही धर्म परिवर्तन करती हैं? उन्हें पति तुरंत क्यों मिल जाते हैं, भाई क्यों नहीं मिलते? उन्हें पिता क्यों नहीं मिलते? अच्छी बात यह है कि सोशल मीडिया पर मानवाधिकार कार्यकर्ता, पत्रकार व ब्लॉगर इस घटना का विरोध कर रहे हैं। उधर इसी विवाद के बीच पाकिस्तानी पत्रकार बिलाल फारुकी ने ट्वीट करके सूचना दी है कि एक और हिंदू लड़की सोनिया भील का अपहरण सिंध से हो गया है। दो नाबालिग लड़कियों के अपहरण के बाद ये तो स्पष्ट है कि पाक सरकार और कानून अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने में हमेशा की तरह नाकाम रहे हैं।

# आरबीआई ने तय की बड़ी कंपनियों के लिए बैंक लोन की नई लिमिट

मुंबई (आरएनएस)। बिजनस ग्रुप की कंपनियों को 1 अप्रैल से रिजर्व बैंक की एक कंपनी के लिए बैंक लोन की तय सीमा से तालमेल बिठाना होगा। नए रूल्स की वजह से रिलायंस, टाटा, बजाज और आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनियों को फंड जुटाने के लिए बैंकों के अलावा दूसरे जरिये तलाशने होंगे। आरबीआई ने नए नियम में कहा है कि जिन कंपनियों पर 10 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज है, वे उससे ऊपर की 50 पर्सेंट रकम का इंतजाम बॉन्ड या शेयर बाजार से करें।

रिजर्व बैंक ने बैंकिंग सिस्टम का जोखिम घटाने के लिए यह नियम बनाया है। उसका मानना है कि एक ही ग्रुप की कंपनियों को अधिक कर्ज दिए जाने से बैंकों के लिए जोखिम काफी बढ़ गया है। रिजर्व बैंक ने इस रिस्क को घटाने की शुरुआत



वित्त वर्ष 2017-18 में की थी। उस समय उसने एक एंटिटी के लिए 25 हजार करोड़ की लिमिट तय की थी। वित्त वर्ष 2018-19 में इसे घटाकर 15 हजार करोड़ रुपये किया गया और नए वित्त वर्ष से इसे 10 हजार करोड़ किया जा रहा है।

क्रिसिल रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर सोमशेखर वेमुरी ने बताया कि इस नियम का असर 60 बड़ी कंपनियों पर होगा, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि ये सारी कंपनियां बाजार से फंड जुटाने में सक्षम हैं। वेमुरी ने कहा, ऐसी कंपनियों की संख्या 60 है और उन्हें इन्वेस्टमेंट ग्रेड से ऊपर की रेटिंग मिली हुई है। इसलिए मार्केट से फंड जुटाने में उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने यह भी बताया कि सिंगल एंटिटी के लिए अधिकतम कर्ज की सीमा में पिछले दो वित्त वर्ष से कमी की जा रही थी। इसलिए उन्हें नहीं लगता कि कंपनियों पर इसका कोई असर होगा।

रिजर्व बैंक ने कहा है कि अगर बैंकों ने किसी कंपनी को कर्ज देने के साथ उसके बॉन्ड भी खरीदे हैं तो ओवरऑल लिमिट में उसे भी जोड़ा जाएगा। अगर बॉन्ड के साथ कर्ज की रकम रिजर्व बैंक की तय सीमा से अधिक होती है तो बैंकों को उसे मार्च 2021 तक तय लिमिट के अंदर लाना होगा।

# बोइंग ने खामी ठीक करने के लिए मैक्स 737 का उड़ान परीक्षण किया


वाशिंगटन (आरएनएस)। बोइंग 737 मैक्स विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाओं के बाद अब अमेरिकी विमानन अधिकारी सांसदों के सामने बुधवार को नए विमानों को दिए जाने वाले प्रमाणन तरीकों का बचाव करेंगे। मामले से जुड़े दो सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि बोइंग ने दुर्घटना के संभावित कारणों का पता लगाने और प्रणालीगत खामियों को ठीक करने के मूल्यांकन के लिए 737 मैक्स विमानों का उड़ान परीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि इथियोपियाई एयरलाइंस विमान हादसे के बाद से बोइंग आलोचनाओं का सामना कर रही है और कई देशों ने बोइंग मैक्स 737 विमानों का परिचालन रोक दिया है। कंपनी ने सोमवार को सिस्टम अपग्रेड (प्रणाली में किए गए सुधार) का परीक्षण किया। एक सरकारी सूत्र ने बताया कि बोइंग को मैक्स फिर



से परिचालन शुरू करने से पहले फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) से अनुमति लेने की जरूरत होगी। हालांकि कंपनी ने अभी तक सॉफ्टवेयर में ठीक गई खामी के बारे में एफएए को जानकारी नहीं सौंपी है। सीनेट की वाणिज्य समिति बुधवार को एफएए के कार्यवाहक एडमिनिस्ट्रेशन डेनियल एल्वेल और परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर जनरल केल्विन स्कवेल से सवाल - जवाब करेगी। अधिकारियों को उम्मीद है कि सांसदों द्वारा 737 मैक्स के एफएए प्रमाणन पर सवाल पूछा जा सकता है।

# उधारी योजना की घोषणा को निर्वाचन आयोग की मंजूरी का इंतजार

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्रालय को वित्त वर्ष 2019-20 की पहली छमाही की उधारी योजना की घोषणा के लिए अभी निर्वाचन आयोग की स्वीकृति का इंतजार है। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को होने वाली घोषणा आज हो सकती है, क्योंकि जल्द ही इसे निर्वाचन आयोग की स्वीकृति मिल सकती है।





सूत्रों ने बताया कि वित्त मंत्रालय शोधन का हिस्सा और कल्याणकारी योजनाओं के खर्च को पूरा करने और राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखने के लिए वित्त वर्ष 2019-20 की पहली छमाही में बजटीय सकल उधारी 7.10 लाख करोड़ का 60 फीसदी उधारी बाजार से ले सकता है। सूत्रों ने कहा, पहली छमाही की उधारी सकल उधारी का 50-60 फीसदी हो सकती है। हम पहली छमाही में करीब 4.3 लाख करोड़ रुपय की उधारी की उम्मीद कर रहे हैं।

सरकार अप्रैल- सितंबर के दौरान आमतौर पर अपनी उधारी का 60 फीसदी लेने की कोशिश करती है। लेकिन बांड बाजार में अस्थिरता के कारण सरकार ने पहली छमाही में बजटीय उधारी का सिर्फ 47.6 फीसदी निर्धारित किया है।

वित्त वर्ष 2019-20 की पहली छमाही में 10-14 साल के सेगमेंट को तवज्जो दिया जाएगा न कि वित्त वर्ष 2018-19 की पहली छमाही की तरह 3-5 साल की अल्पावधि बांड पर।


# मुंबई में युवाओं को सैलरी मिलती है सबसे अधिक

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई में घरेलू आय वृद्धि की दर 2014-18 के दौरान दुनिया के 32 शहरों में तीसरे स्थान पर रही। यह जानकारी नाईट फ्रैंक की वैश्विक रपट अर्बन फ्यूचर्स से प्राप्त हुई है।

रपट में कहा गया है कि आय में तीव्र वृद्धि में पांच सालों के दौरान घरों की कीमतों में मामूली वृद्धि से मदद मिली है। घरों की कीमतों में मामूली वृद्धि के कारण मुंबई दुनिया के अन्य शहरों की बनिस्बत अधिक सस्ता शहर बन गया, जबकि भारत में रियल एस्टेट बाजार में अभी भी यह सर्वाधिक महंगा शहर बना हुआ है। नाईट फ्रैंक ने अपनी रपट में कहा है, घरों की कीमतें तुलनात्मक रूप से काफी धीमी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी हैं, जबकि घरों की आय वृद्धि दर 2018 में समाप्त पांच साल की अवधि के दौरान 20.4 प्रतिशत से अधिक रही। इस सर्वेक्षण में घरों की कीमतों और आय के बीच अंतर को समझने के लिए दुनिया के 32 शहरों का मूल्यांकन किया गया।

# MCX पर सोने-चांदी में गिरावट, बिकवाली से होगा फायदा

नई दिल्ली। बुधवार को घरेलू वायदा बाजार में सोने की कीमतों पर दबाव देखने को मिला है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज



11.30 बजे के आसपास सोने का अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 66 रुपये या 0.21 फीसदी गिरकर 32,038 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया. एमसीएक्स पर चांदी का मई कॉन्ट्रैक्ट 58 रुपये की गिरावट के साथ 38,261 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया. अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की बात करें तो वहां भी सोने का भाव हल्की गिरावट के साथ 1315 डॉलर प्रति औंस के आसपास बना हुआ है।

# 40 करोड़ की ठगी का शिकार हुए धोनी

## बकाया वसूलने के लिए पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। अम्रपाली समूह की मुश्किलों में





अब और इजाफा हो गया है। पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और मौजूदा टीम के अनुभवी खिलाड़ी एमएस धौनी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हजारों ठगे हुए खरीददारों के बाद आब धोनी ने आम्रपाली ग्रुप से अपनी ब्रैंडिंग और मार्केटिंग के एवज में 40 करोड़ रुपये की बकाया राशि भुगतान करने की बात कही है। धोनी 6 साल तक अम्रपाली समूह के ब्रांड एंबैसडर रहे।

## आज का राशिफल

**मेषः** आज सांसारिक विषयों से दूर रहकर आध्यात्मिक विषयों में व्यस्त रहेंगे। गहन चिंतनशक्ति इस विषय में आपकी सहायता करेगी। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त होने का योग है। वाणी पर संयम रखना होगा।

**वृषभः** परिजनों के साथ सामाजिक कार्यों में अथवा किसी पर्यटन-स्थल पर प्रवास का आनंद प्राप्त कर सकेंगे। व्यापारीगण को व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है।

**मिथुनः** आज आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेंगे। खर्च होगा, लेकिन वह निरर्थक नही होगा।

**कर्कः** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज के दिन आप थोड़ी सावधानी रखें। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए कार्य के प्रारंभ के लिए दिन उचित नहीं है।

**सिंहः** आज आपका दिन मध्यम फलदायी होगा। घर में वाद-संवाद का वातावरण रहेगा। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, ध्यान रखें। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहेगें। मन कुछ अधिक ही व्यग्र रहेगा।

**कन्याः** आज किसी भी कार्य में बिना सोचे-समझे हिस्सा न लें। साथियों के साथ अच्छी तरह से समय बीतेगा। भावनात्मक संबंधों से आप नरम हो जाएंगे। मित्रों एवं स्वजनों से मुलाकात होगी। भाई-बहनों से लाभ होगा।

**तुलाः** आज आपका मन दुविधाओं में उलझा रहेगा। नए कार्यों का प्रारंभ करना आपके लिए हितकर नहीं है। आज आप संबंधों में औपचारिकता रखें, मनमुटाव की आशंका है।

**वृश्चिकः** आज का दिन सामान्य रहेगा। तन और मन में प्रसन्नता रहेगी तथा सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद-उल्लास में समय व्यतीत होगा।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए कठिन हो सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा। अकस्मात से संभलना होगा।

**मकरः** मित्रों, संबंधियों से की गई भेंट से आपका दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सामाजिक, व्यापार तथा अन्य क्षेत्रों में आपके लिए आज का दिन लाभदायी रहेगा। जीवनसाथी की खोज करनेवालों को सरलतापूर्वक सफलता मिलेगी। प्रवास-पर्यटन का योग है। घर में किसी शुभ प्रसंग की संभावना है।

**कुंभः** आज का दिन शुभ फलदायी है। आज प्रत्येक कार्य में सरलता से सफलता प्राप्त होगी। आज मानसिक रूप से आनंदित रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारियों की प्रसन्नता के कारण प्रमोशन के योग हैं।

**मीनः** आज थोड़े परेशान हो सकते हैं। शरीर में थकान और आलस्य का अनुभव हो सकता है। उच्चाधिकारियों के साथ सावधानीपूर्वक कार्य करें।



# दान का हिसाब

एक बार दो संत राबिया से मिलने उनकी कुटिया में आए। दोनों भूखे थे। राबिया के पास उस समय दो ही रोटियां थीं, वही उन्होंने संतों के सम्मुख रख दीं। संतों ने अभी खाना शुरू भी नहीं किया था कि एक फ़क़ीर भी वहां आ पहुंचा और राबिया ने वही रोटियां उठाकर फ़क़ीर को दे दीं। कुछ देर बाद राबिया की एक सहायिका भी अंदर से एक तश्तरी में खाना ले आई, जिसमें अठारह रोटियां थीं। राबिया ने यह कहकर कि यह मेरे लिए नहीं है, उन्हें वापिस अंदर भेज दिया। दोबारा रोटियां आने पर उन्हें गिना गया तो वह पूरी बीस रोटियां थीं। राबिया ने सारी रोटियां संतों को परोस दीं। संतों ने चुपचाप भोजन तो किया मगर मन ही मन इस घटना पर आश्चर्य भी व्यक्त कर रहे थे। भोजन करने के बाद राबिया से इस घटना का राज पूछा तो राबिया बोली- तुम्हें भूखा देखकर ही मैं समझ गई थी कि तुम्हारे लिए दो रोटियां नाकाफ़ी होंगी। इधर खुदा ने भी कहा है कि मैं एक का बदला दस से चुकाता हूं। इसलिए मैंने वह रोटियां फ़क़ीर को दे दीं। इस हिसाब से तो अठारह रोटियां बेहिसाब थीं। बीस रोटियां खुदा के वादे के अनुरूप थीं, इसलिए आप को परोस दीं। अपने खुदा पर इतना विश्वास तो हमें होना ही चाहिए।

# कोटला की विकेट चेन्नई से थोड़ी बेहतर है : वॉटसन

नई दिल्ली (आरएनएस)। चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज शेन वॉटसन ने मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली अहम जीत के बाद माना कि कोटला की विकेट चेन्नई से बेहतर है। वॉटसन ने दिल्ली के खिलाफ 26 गेंदों पर 44 रन की पारी खेलकर मेहमान टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

मैच के बाद वॉटसन ने कहा, यहां की विकेट चेन्नई से थोड़ी बेहतर थी। विकेट थोड़ी धीमी थी इसलिए बल्लेबाजी करना अच्छा





रहा। मैं नहीं समझता कि मैं अधिक गेंदबाजी कर पाऊंगा क्योंकि बिग बैश शुरू होने से पहले मेरे पांव में चोट लग गई थी। पीएसएल (पाकिस्तान सुपर लीग) में बहुत मजा आया और चेन्नई के खिलाड़ियों के साथ मिलकर अच्छा लगा।

केदार जाधव ने भी कहा कि विकेट धीमी थी और शुरुआती दो मुकाबलों में दो जीत दर्ज करके टीम खुश है।

जाधव ने कहा, विकेट थोड़ी धीमी थी, खासकर जब आप इस तरह के लक्ष्य का पीछा कर रहे हों तो अंत तक जाना बहुत अहम हो जाता है। हमने मैच में नियंत्रण बना रखा था। दुर्भाग्यवश, मैं टीम को जीत दिलाने से पहले ही पवेलियन लौट गया। यह एक बड़ी प्रतियोगिता है और हम शुरुआती दो मैच जीतकर खुश हैं।

# गर्मी के मौसम में सुबह-सुबह बनाएं छाछ की ये टेस्टी रेसिपी



**मसाला छाछ की सामग्री**

मट्ठा/छाछ - 02 कप
दही - आधा कप
पुदीना पत्तियां - 10 से 15
हरी धनिया पत्तियां- 15 से 20
भुना जीरा पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
काला नमक- 1/2 छोटा चम्मच
काली मिर्च पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
कुटी बर्फ- 01 कटोरी
नमक- स्वादानुसार


**मसाला छाछ बनाने की विधि**

मसाला छाछ के लिये सबसे पहले पुदीना की पत्तियों और धनिया पत्तियों को अच्छी तरह से साफ करके धो लें. इसके बाद मिक्सर में पुदीना पत्तियां, मट्ठा, दही, भुना जीरा, काली मिर्च, काला नमक और नमक डालें और महीन पीस लें. अब इसे किसी बर्तन में निकालें और आधा गिलास पानी डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें. अब आपकी स्वादिष्ट मसाला छाछ या पुदीना छाछ Pudina Chaas तैयार है. छाछ को सर्विंग गिलास में निकालें और ऊपर से कुटी हुयी बर्फ और जीरा पाउडर डालकर पेश करें. ये आपके हाजमें को सही रखेगा.

## शब्द सामर्थ्य-17

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 16 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू-17

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.16 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |